**INTERNATIONAL INDIAN SCHOOL DAMMAM**
**MIDDLE SECTION**
**ANNUAL REVISION WORKSHEET 2025-26**

**CLASS : VI** **SUBJECT : HINDI**

**NAME -** **SEC. -** **DATE -**

## पाठ्यक्रम

**पाठ्य पुस्तिका :-**

कविता - जलाते चलो, पाठ - परीक्षा, कविता - चेतक की वीरता, पाठ - हिंद महासागर में छोटा-सा हिंदुस्तान, पाठ - पेड़ की बात |

**व्याकरण :-**

विलोम शब्द, पर्यायवाची शब्द, सर्वनाम व उसके भेद, अशुद्ध-शुद्ध शब्द व वाक्य-शुद्धिकरण, पठित व अपठित गद्यांश, पठित पद्यांश, निर्देशानुसार उत्तर, अनुच्छेद-लेखन - (पुस्तकालय) |

(1) **प्रश्न :- निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1) जलाते चलो - | | 13) अरि-मस्तक - | |
| 2) निशा - | | 14) खतरा - | |
| 3) तिमिर - | | 15) लोभ - | |
| 4) शिला - | | 16) मौका - | |
| 5) निरंतर - | | 17) मुलाकात - | |
| 6) दीवान - | | 18) पर्यटक - | |
| 7) मंदाग्नि - | | 19) अंकुर - | |
| 8) आत्मबल - | | 20) पल्लवित - | |
| 9) सनद - | | 21) उर्जा - | |
| 10) रण - | | 22) मधुपान - | |
| 11) विकराल - | | 23) अंश - | |
| 12) निषंग - | | | |

**(2) प्रश्न :- निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए :-**

1) नसीब :-
2) सदाचार :-
3) विज्ञापन :-
4) आश्चर्य :-
5) अंकुर :-

6) कठोर :-

7) सुगंध :-

8) लोभ :-

9) पर्यटक :-

10) मुलाकात :-

**(3) प्रश्न :- निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखिए :-**

| | | |
|---|---|---|
| 1) नीतीकुशल - | 2) फेशनवाला - | 3) रीयासत - |
| 4) बेलगाड़ी - | 5) परचलित - | 6) पहीया - |
| 7) मॉरीशस - | 8) प्रवृत्ती - | 9) व्यव्साय - |
| 10) सूक्षमदर्शी - | 11) हरीयाली - | 12) नयोछावर - |
| 13) शक्ती - | 14) पंखुड़ियां - | 15) कोशीश - |
| 16) आहीस्ता - | 17) अतयंत - | 18) शवास - |
| 19) क्रीस्तान - | 20) स्पर्ष - | 21) सुरमय - |

**(4) प्रश्न :- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :-**

1) लेखक को नैरोबी में कितने दिन ठहरने का मौका मिला ?
2) 'पेड़ की बात' पाठ के लेखक का नाम क्या है ?
3) एक युवक ने बूढ़े किसान की मदद किस प्रकार की ?
4) मॉरिशस का सर्वश्रेष्ठ धार्मिक पर्व कौन-सा है ?
5) किस यंत्र द्वारा जड़ का परीक्षण किया जाता है ?
6) "नारायण चाहेंगे तो दीवानी आपको ही मिलेगी |"- (किसने-किससे कहा)
7) उम्मीदवारों की परीक्षा किस आधार पर हुई ?
8) मॉरिशस की असली ताकत कौन है ?
9) बीज किसकी संतान है ?
10) 'चेतक' कविता के कवि कौन हैं ?
11) महाराज ने अंत में किसे दीवान बनाया ?
12) यह दुनिया कैसे सुंदर बन जाएगी ?
13) चेतक कौन था ?
14) नैरोबी में लेखक कहाँ घूमने गए ?
15) वृक्षों के जीवन का मूलमंत्र क्या है ?
16) पेड़ हमें कौन-सी वायु प्रदान करते हैं ?

**(5) प्रश्न:- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए**

मनुष्य का जीवन अमूल्य है, वह संसार में विशिष्ट स्थान रखता है | समय किसी की प्रतीक्षा नहीं करता | प्रकृति के सभी कार्य नियमित समय पर होते हैं | समय की गति बड़ी तीव्र होती है, जो उससे पिछड़ जाता है वह सदैव पछताता रहता है | अत: आवश्यकता है समय के सदुपयोग की | समय वह धन है जिसका सदुपयोग न करने से वह व्यर्थ चला जाता है | हमें समय का महत्त्व तब ज्ञात होता है जब दो मिनट विलम्ब के कारण गाड़ी छूट जाती है | जीवन में वही व्यक्ति सफल हो पाते हैं जो समय का पालन करते हैं | हमारे देश में समय का दुरुपयोग बहुत होता है | बेकार की बातों में व्यर्थ समय गँवाया जाता है | मनोरंजन के नाम पर भी बहुत समय गँवाया जाता है | बहुत से व्यक्ति समय गँवाने में ही आनंद का अनुभव करते हैं | यह प्रवृति हानिकारक है | समय को खोकर कोई व्यक्ति सुखी नहीं रह सकता |

1) **प्र :- किसके कार्य नियमित समय पर पूर्ण हो रहे हैं ?**

क) व्यक्ति के ख) प्रकृति के

ग) कंप्यूटर के घ) कवियों के

2) **प्र) :- जीवन में कैसे व्यक्ति सफल होते हैं ?**

क) समय का सदुपयोग करने वाले ख) धनवान व्यक्ति

ग) ईश्वर में विश्वास करने वाले घ) चतुर व्यक्ति

3) **प्र) :- आज का कार्य कल पर नहीं छोड़ना चाहिए क्योंकि** -

क) समय सभी की प्रतीक्षा करता है ख)) समय गँवाने में ही आनंद का अनुभव

ग) समय का दुरुपयोग आवश्यक है घ) बीता हुआ समय कभी वापिस नहीं आता

4) **प्र :- समय का दुरुपयोग कब किया जाता है ?**

क) व्यर्थ की बातों में ख) तीन बार भोजन करने में

ग) जल्दी सो जाने में घ) खेलकूद में भाग लेने में

5) **प्र :- मनुष्य का जीवन कैसा है ?**

क) असफलतापूर्ण ख) आलस्यपूर्ण

ग) अमूल्य है घ) बेकार है

**(6) प्रश्न :- निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए -**

वृक्ष का अकुंर निकलने पर जो अंश माटी के भीतर प्रवेश करता है, उसका नाम जड़ है और जो अंश ऊपर की ओर बढ़ता है, उसे तना कहते हैं। सभी पेड़-पौधों में 'जड़ व

तना' ये दो भाग मिलेंगे। यह एक आश्चर्य की बात है कि पेड़-पौधों को जिस तरह ही रखो, जड़ नीचे की ओर जाएगी व तना ऊपर की ओर उठेगा। एक गमले में पौधा था। परीक्षण करने के लिए कुछ दिन गमले को औंधा लटकाए रखा। पौधे का सिर नीचे की तरफ़ लटका रहा और जड़ ऊपर की ओर रही। दो-एक दिन बाद क्या देखता हूँ कि जैसे पौधे को भी सब भेद मालूम हो गया हो। उसकी सब पत्तियाँ ओर डालियाँ टेढ़ी होकर ऊपर की तरफ़ उठ आईं तथा जड़ घमूकर नीचे की ओर लटक गई। तमुने कई बार सर्दियों में मूली काटकर बोई होगी।

1) **प्रश्न :- सभी पेड़-पौधों में क्या मिलता है** ?

क) एक गमले में पौधा  ख) जड़ व तना  ग) वृक्ष का अकुंर  घ) मूली

2) **प्रश्न :- वृक्ष का कौन सा अंश माटी के भीतर प्रवेश करता हैं** ?

क) अकुंर  ख) जड़  ग) तना  घ) पत्ता

3) **प्रश्न :- परीक्षण करने के लिए कुछ दिन गमले को कैसे लटकाए रखा ।**

क) सीधा  ख) उल्टा  ग) औंधा  घ) पलटा

4) **प्रश्न :- डालियाँ टेढ़ी होकर ---------- की तरफ़ उठ आईं।**

क) ऊपर  ख) नीचे  ग) अंदर  घ) बाहर

5) **प्रश्न :- प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है** ?

क) परीक्षा  ख) चेतक की वीरता  ग) पेड़ की बात  घ) पेड़-पौधे

**(7) प्रश्न :- निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए :-**

भले शक्ति विज्ञान में है निहित वह
कि जिससे अमावस बने पूर्णिमा-सी,
मगर विश्व पर आज क्यों दिवस ही में
घिरी आ रही है अमावस निशा-सी।
बिना स्नेह विद्युत-दिये जल रहे जो
बुझाओ इन्हें, यों न पथ मिल सकेगा।।

जला दीप पहला तुम्हीं ने तिमिर की
चुनौती प्रथम बार स्वीकार की थी
तिमिर की सरिता पार करने तम्हीं ने
बना दीप की नाव तैयार की थी।
बहाते चलो नाव तुम वह निरंतर
कभी तो तिमिर का किनारा मिलेगा।।

**1.प्र) कवि के अनुसार किसमें शक्ति निहित है ?**

क) धर्म में  ख) विज्ञान में

ग) धन में  घ) राजनीति में

**2.प्र) 'अमावस बने पूर्णिमा-सी' का भाव क्या है ?**

क) अंधकार और गहरा होना  ख) रात्रि का लंबा होना

ग) अंधकार में प्रकाश का आना  घ) दिन का समाप्त होना

**3.प्र) कवि ने किसे 'दीप की नाव' कहा है ?**

क) धर्म को ख) विज्ञान को

ग) विद्युत को घ) आशा को

**4.प्र) बिना स्नेह विद्युत-दिये' के बारे में कवि क्या कहना चाहता है ?**

क) वे बहुत उपयोगी हैं ख) दीपक पुराने हो गए हैं

ग) वे बिना स्नेह के हैं घ) बिजली महँगी है

**5.प्र) 'तिमिर' शब्द का अर्थ है -**

क) अंधकार ख) संकट

ग) स्नेह घ) प्रकाश

(8) **प्रश्न :- निर्देशानुसार उत्तर लिखिए** :-

1) सरदार सुजान सिंह ने महाराज की सेवा _________ साल तक की | (बीस, चालीस)

2) एक दिन नए फैशनवालों को सूझी कि आपस में _________का खेल हो जाए | (हॉकी, क्रिकेट)

3) तिमिर को किनारा ___________मिटाने से मिलेगा | (अंधकार, उजाला)

4) राणा प्रताप का घोड़ा हवा से कैसे दौड़ता था ? (तेज़, रुक-रुक कर)

5) मॉरिशस की राजधानी ___________ है | (केन्या, पोर्टलुई)

6) ____________ही जीवन का मूलमंत्र है | (वायु, प्रकाश)

7) मॉरिशस की असली ताकत __________को कहा गया है | (वहाँ के सिंह, भातीय लोग)

8) "मैं तुम्हारी गाड़ी निकाल दूँ |"- किसने किससे कहा (पाठ के आधार पर लिखिए)

9) सर्वनाम के __________ भेद होते हैं | (तीन, छह)

10) नैरोबी _________में स्थित है | (भारत, केन्या)

11) युद्ध भूमि में चौकड़ी भर भरकर ____________दौड़ रहा था | (सैनिक, चेतक)

12) पेड़ हमें ___________प्रदान करते हैं | (ऑक्सीजन, पानी)

13) मॉरिशस को _________ का मोती कहा गया है | (प्रशांत महासागर, हिंद महासागर)

14) चेतक ___________का प्रिय घोड़ा था | (महाराणा प्रताप, अकबर )

15) विषाक्त वायु को _______________वायु कहते है | (अंगारक, जहरीली)

16) माटी में पानी डालने पर उसके भीतर बहुत से ________गल जाते हैं | (चीनी, द्रव्य)

**(9) प्रश्न 1) :- निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :-**

| | |
|---|---|
| 1. अनुकूल X | 2. राजा X |
| 3. आय X | 4. स्वदेश X |
| 5. उपस्थित X | 6. मान X |
| 7. ऊँच X | 8. ज्ञान X |
| 9. कठोर X | 10.साक्षर X |
| 11.घृणा X | 12.शिक्षित X |
| 13.जन्म X | 14.रिक्त X |
| 15.नवीन X | 16.सभ्य X |
| 17.विवेक X | 18.हानि X |
| 19.स्वामी X | 20.चतुर X |

**(9) प्रश्न 2) :- निम्नलिखित रेखांकित किए गए शब्दों के सही विलोम शब्द चुनकर लिखिए :-**

1) हानि - क) लाभ ख) नुकसान ग) नीच घ) मूर्ख

2) जीवन - क) पूर्ण ख) जीव ग) ज़िंदगी घ) मरण

3) आज रोहन उपस्थित है और मोहन ______________ है |

क) औपस्थित ख) अविवेक ग) अनुपस्थित घ) अनूपस्थित

4) हमें किसी के साथ घृणा से नहीं, बल्कि ________________ से बात करनी चाहिए |

क) प्रेम ख) नफ़रत ग) हार घ) कोमल

**(10) प्रश्न 1) - निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए :-**

| | |
|---|---|
| 1) अंधकार - | 2) अमृत - |
| 3) आँख - | 4) आकाश - |
| 5) ईश्वर - | 6) औरत - |
| 7) किनारा - | 8) घर - |
| 9) विश्व - | 10) दिन - |
| 11) धरती - | 12) पवन - |
| 13) पुष्प - | 14) माता - |
| 15) नदी - | |

**(10) प्रश्न 2) - निम्नलिखित शब्दों के सही पर्यायवाची शब्द चुनकर लिखिए :-**

1) दिन - (क) फूल, सुमन (ख) दिवस, वार (ग) हवा, वायु

2) पुष्प - (क) फूल, पृथ्वी (ख) गृह, भवन (ग) फूल, सुमन

3) सरिता - (क) नदी, शशि (ख) नदी, तटिनी (ग) नदी, तरू

4) आकाश - (क) हवा, वायु (ख) गगन, आसमान (ग) उपवन, बाग

5) किनारा - (क) कूल, तट (ख) वन, तट (ग) कूल, दोस्त

**(11) प्रश्न - निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों में से सही वाक्य चुनिए :-**

1) क) मेरे को वह पुस्तक चाहिए। ख) मुझे वह पुस्तक चाहिए।
   ग) मैंने पुस्तक चाहिए। घ) मैं पुस्तक चाहिए।

2) क) हमने खीर खाया। ख) हम खीर खाई।
   ग) हमें खीर खाई। घ) हमने खीर खाईं।

3) क) मेले में अनेकों लोग आए थे। ख) मेले ने अनेकों लोग आए थे।
   ग) मेले में अनेक लोग आए थे। घ) मेले में अनेकों लोगों आए थे।

4) क) पिताजी आए हैं। ख) पिताजी आया है।
   ग) पिताजी ने आना है। घ) आया पिताजी हैं।

5) क) हमारी देश महान हैं। ख) हमें देश महान हैं।
   ग) हमारा देश महान है। घ) हमको देश महान हैं।

6) क) पत्र यह किसने लिखे है ख) ये पत्र किसने लिखे हैं ?
   ग) किसने ये पत्र लिखे हैं ? घ) लिखे ये पत्र किसने है ?

7) क) लता मधुर गीत गाती है | ख) लता गीत मधुर गाती है |
   ग) मधुर गीत लता गाती है | घ) गाती है कितना मधुर लता |

8) क) एक गीतों की पुस्तक चाहिए | ख) पुस्तक एक गीतों की चाहिए |
   ग) चाहिए एक पुस्तक गीतों की | घ) गीतों की एक पुस्तक चाहिए |

9) क) किसान गाड़ी को जा बैठा | ख) किसान गाड़ी से जा बैठा |
   ग) किसान गाड़ी में जा बैठा | घ) किसान गाड़ी पर जा बैठा |

10) क) मुझे घर जाना है | ख) मैंने घर जाना है |
   ग) घर जाना है मुझे | घ) जाना है घर मुझे |

**(12) प्रश्न -1 निम्नलिखित रेखांकित शब्दों के उचित सर्वनाम के भेद पहचान कर लिखिए :-**

1) **<u>जैसी</u>** करनी, **<u>वैसी</u>** भरनी।
   क) निजवाचक सर्वनाम ख) निश्चयवाचक सर्वनाम
   ग) अनिश्चयवाचक सर्वनाम घ) संबंधवाचक सर्वनाम

2) **<u>यह</u>** बहुत प्यारा है।
   क) पुरुषवाचक सर्वनाम ख) संबंधवाचक सर्वनाम

ग) मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम
घ) निश्चयवाचक सर्वनाम

3) **तुम** अपनी सेहत का ख्याल रखो।

क) प्रश्नवाचक सर्वनाम
ख) निजवाचक सर्वनाम
ग) मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम
घ) अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम

4) तालाब में **कुछ** तैर रहा है।

क) निश्चयवाचक सर्वनाम
ख) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
ग) संबंधवाचक सर्वनाम
घ) उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम

5) मैं **अपने-आप** घर चला जाऊँगा ।

क) अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम
ख) मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम
ग) उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम
घ) निजवाचक सर्वनाम

6) **मैंने** गाया था।

क) उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम
ख) अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम
ग) मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम
घ) संबंधवाचक सर्वनाम

7) सर्वनाम का शाब्दिक अर्थ है -

क) उसका नाम
ख) मेरा नाम
ग) सबका नाम
घ) तेरा नाम

8) सर्वनाम के कितने भेद होते हैं?

क) चार
ख) छह
ग) तीन
घ) दो

**(12) प्रश्न 2 - निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर उचित सर्वनाम शब्दों से खाली स्थान भरिए :-**

**( मैं, तुम, कुछ, क्या, मुझे, जो-वह, कौन )**

1) ___________रोज़ योग करता हूँ।
2) वहाँ___________खड़ा है ?
3) _______सत्य बोलता है,________नहीं डरता ।
4) दूध में __________गिर गया है |
5) ___________आम मीठे लगते हैं ।

**(13) प्रश्न :- 'पुस्तकालय' विषय पर अनुच्छेद लिखिए |**

**PLEASE NOTE:-**

- Learn all the question-answers from notebook & worksheets.
- Read the text-book thoroughly & do written practice.
- Practice well all grammar portion from notebook, worksheet & grammar book.
- **WISH YOU ALL THE BEST, DO YOUR BEST!**

4) **प्रश्न - एक वाक्य में उत्तर लिखिए :-**